हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय प्रथाओं तथा नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन कल भी होगा।
हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव भी इसमें भाग ले रही हैं।

===

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस विभाग को रात्रि के समय कार्य करने वाली महिलाओं को घर तक छोड़ने के कार्य के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। वे हरियाणा विजन 2047 के तहत सेवा, पुलिस एवं जेल विभाग द्वारा बनाई गई अल्पकालिक कार्य योजना की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने और अपराध की दर कम लाने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जाना चाहिए। साइबर अपराध को लेकर मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि डिजिटल अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध प्रकोष्ठ में बैंक कर्मी बैठे, जब भी उनके पास अपराधी की कॉल आती है तो संबंधित बैंक के खाता को तुरंत बंद कर दिया जाए जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने आपराधिक गतिविधियों पर काबू पाने के लिए पुलिस को नवीनतम तकनीकी से युक्त होने और पुलिस को जनता का मित्र बनकर कार्य करने का सुझाव दिया।

समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विजन 2047 में साईबर अपराध को पूर्ण रूप से रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉयल 112 सुविधा को पुख्ता किया जाएगा और नए वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। बाल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देकर इसमें जागरूकता अभियान के साथ कांउसलर भी नियुक्त किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फतेहाबाद में नई जेल का निर्माण करवाया जा रहा है जिसका 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद पंचकूला में भी जेल परिसर बनाया जाएगा। चरखी दादरी में भी नई जेल का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेलों में वोकेशनल प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि अपराधी बाहर निकलने के बाद आसानी से अपना व्यवसाय आरम्भ कर सकें।

==

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रदेश में अप्रैल व मई में आयोजित होने वाले नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य एवं उप-चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच तथा नाम वापसी की प्रक्रिया के उपरांत अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी □ग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अंबाला नगर निगम में महापौर के पद हेतु 7 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3 निरस्त हुए और 1 नाम वापस लिया गया। उन्होंने कहा कि अब 3 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी तरह वार्ड सदस्य पद के लिए 96 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 10 निरस्त हुए तथा 21 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया। अब 39 पुरुष वो 26 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा के 20, कांग्रेस के 19 तथा आम आदमी पार्टी के 7 उम्मीदवार शामिल हैं।

पंचकूला नगर निगम में महापौर पद हेतु 9 नामांकन दाखिल हुए हैं, जिनमें से 1 निरस्त हुआ और 2 नाम वापस लिए गए। अब एक महिला सहित 6 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इसी तरह वार्ड सदस्य पद के लिए 123 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 6 निरस्त हुए और 30 नाम वापस लिए गए। इसके बाद 30 महिलाओं सहित 87 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस के 20-20, आम आदमी पार्टी के 13 तथा इनेलो के 7 उम्मीदवार शामिल हैं। रेवाड़ी नगर परिषद के अध्यक्ष पद हेतु 7 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1 नाम वापसी के बाद अब 6 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। सदस्य पद के लिए 179 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 24 नाम वापस लिए गए और अब 155 उम्मीदवार शेष हैं। धारूहेड़ा नगरपालिका के 18 वार्डों के लिए अध्यक्ष पद हेतु 12 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 नाम वापस लिए गए। अब 6 उम्मीदवार मैदान में हैं। सदस्य पद के लिए 62 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

नगरपालिका सांपला के 16 वार्डों के लिए अध्यक्ष पद हेतु 15 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 5 नाम वापस लिए गए। अब 10 पुरुष उम्मीदवार मैदान में हैं। सदस्य पद के लिए 44 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उकलाना नगरपालिका के 16 वार्डों के लिए अध्यक्ष पद हेतु 4 नामांकन प्राप्त हुए थे और सभी 4 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। सदस्य पद के लिए 11 नाम वापसी के बाद अब 55 उम्मीदवार शेष हैं। टोहाना, झज्जर, राजौंद, तरावड़ी, कनीना तथा स□ौरा में एक-एक वार्ड के लिए उप-चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में कुल 22 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 8 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया। अब सदस्य पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

==